यशोदा के लल्ला को जन्म दिन आयो रे

आयो, आयो रे....
यशोदा के लल्ला को जन्म दिन आयो रे,
नाचो, नाचो रे सब बाल ग्वाल,
गाओ, गाओ रे सब नंदलाल, नंदलाल,
आयो, आयो रे....
यशोदा के लल्ला को जन्म दिन आयो रे.....

लाओ, लाओ रे..
भाई लाओ रे,
कृष्ण, कन्हैया का पलना लाओ रे,
बैठ सिराने माता यशोदा लोरी सुनाए,
दे दे झूला अपने किशन को लाड लड़ाए,
आयो, आयो रे....
यशोदा के लल्ला को जन्म दिन आयो रे.....

कृष्ण जन्म अष्टमी पे,
मीठी मीठी मिठाईयां बांटो रे,
नटखट, नंदलाल को,
माखन मिश्री का भोग लगाओ रे,
हमरी पावन धरा पे नंदलाल आयो रे,
आयो, आयो रे....
यशोदा के लल्ला को जन्म दिन आयो रे.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28562/title/yashoda-ke-lalla-ko-janam-din-aayo-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |